# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड

## परिचारक (लाईन) के पद पर ऑनलाईन आवेदन पत्र
## भरने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**1.** ऑनलाईन आवेदन पत्र केवल अंग्रेजी भाषा में भरा जावेगा।

**2.** परिचारक (लाईन) पद के लिए **महिला एवं निशक्तजन** आवेदन करने हेतु अपात्र हैं ।

**3.** परिचारक (लाईन) के पद के लिए ऑनलाईन आवेदन करने हेतु छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज की वेबसाइट का पता www.cspc.co.in है।

**4.** उपरोक्त वेबसाइट में बाईं ओर **रिक्रूटमेंट लिंक (Recruitment Link)** पर क्लिक करें।

**5.** **रिक्रूटमेंट (Recruitment)** के खण्ड में परिचारक (लाईन) के निम्नलिखित तीन विज्ञापनों की जानकारी प्रदर्शित है :-

**a.** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत अंबिकापुर क्षेत्र के लिए सरगुजा संभाग के अंतर्गत परिचारक (लाईन) के पद पर सीधी भर्ती

**b.** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत जगदलपुर क्षेत्र के लिए बस्तर संभाग के अंतर्गत परिचारक (लाईन) के पद पर सीधी भर्ती

**c.** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत रायपुर, बिलासपुर-रायगढ़, दुर्ग-राजनांदगांव क्षेत्र के लिए परिचारक (लाईन) के पद पर सीधी भर्ती

**6.** ऑनलाईन आवेदन की लिंक पर क्लिक करने पर भर्ती की शर्तों के संबंध में आवश्यक जानकारियॉ प्रदर्शित होती है। जिसे ध्यान से पढ़ने व समझने के पश्चात **मैं सहमत हूँ (I Agree)** पर क्लिक करें।

**7.** **ऑनलाईन आवेदन भरने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश -**

**(1)** **निवासी (Domicile)** - 'मैं छत्तीसगढ़ का निवासी हूँ' तथा 'मैं छत्तीसगढ़ का निवासी नहीं हूँ' में से सही विकल्प चुने।

**(2)** **निवासी जिला (Domicile District)** - ड्रापडाउन लिस्ट में से सही 'निवासी जिला' का चयन करें।

**(3)** **अनुभव (Experience)** - यदि उम्मीदवार वर्तमान में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में **लाईन** परिचारक (संविदा) के पद पर कार्यरत हैं तो 'हॉ' अथवा 'नहीं' का चयन करे।

**A.** यदि '**हॉ**' का चयन किया जाता है तो -

**i.** **कर्मचारी संख्या (Employee No.) के बाक्स में अपनी कर्मचारी संख्या दर्ज करे ।**

**ii.** **कार्य अवधि (Service Period) के प्रथम बाक्स में डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में लाईन परिचारक (संविदा) के पद पर अपनी प्रथम नियुक्ति पर कार्यभार ग्रहण करने का दिनांक दर्ज करे। दर्ज करने पर तीसरे बाक्स में स्वतः ही कार्य अवधि दर्शित होगी।**

**iii.** **आवेदक का पूरा नाम के** बाक्स **में उम्मीदवार का नाम स्वतः दर्शित होगा।**

**iv.** **Overhead Electricity Work License / 'शिरोपरी विद्युत् अधिष्ठान' की अनुज्ञा (लाइसेंस) धारी होने पर** 'हॉ' अथवा 'नहीं' का चयन करें।

**v.** ऑनलाईन आवेदन के अगले बाक्स **पिता का नाम (Father's Name)** से आगे की जानकारी दर्ज करें।

**B.** यदि 'नही' का चयन किया जाता है तो ऑनलाईन आवेदन के अगले बाक्स आवेदक का पूरा नाम से आगे की जानकारी दर्ज करें -

**(4)** **आवेदक का पूरा नाम (Name of Applicant)** - उम्मीदवार कक्षा दसवीं की अंकसूची में अंकित नाम को ही '**आवेदक का पूरा नाम**' में दर्ज करे ।

**(5)** **पिता का नाम (Father's Name)** - उम्मीदवार कक्षा दसवीं की अंकसूची में अंकित पिता के नाम को ही **पिता का नाम** में दर्ज करे।

**(6)** **श्रेणी जिसके अंतर्गत आवेदन प्रस्तुत किया जा रहा है (Category Applied for) - ड्रापडाउन लिस्ट में से सही श्रेणी [अनारक्षित (UR), अन्य पिछड़ा वर्ग (OBC), अनुसूचित जाति (SC), अनुसूचित जनजाति (ST)] का चयन करे।**

**(7)** **क्या उम्मीदवार भूतपूर्व सैनिक है (Is the Applicant Ex-Serviceman)** - 'हॉ' अथवा 'नहीं' का चयन करे। यदि '**हॉ**' का चयन किया जाता है तो सैन्य सेवा की कार्य अवधि दर्ज करे।

**(8)** **शैक्षणिक योग्यता (Educational Qualification)** - उम्मीदवार ड्रापडाउन लिस्ट में से कक्षा दसवीं परीक्षा (उत्तीर्ण) के मंडल / बोर्ड का चयन करे।

(9) **कक्षा दसवीं (उत्तीर्ण) में प्राप्त अंको का विवरण -** उम्मीदवार कक्षा दसवीं (उत्तीर्ण) के प्राप्तांक तथा पूर्णांक दर्ज करे, अथवा सीजीपीए दर्ज करे।

(10) **जन्म तिथि (Date of Birth)** - उम्मीदवार कक्षा दसवीं की अंकसूची में अंकित जन्म तिथि को दर्ज करे।

(11) **पत्र व्यवहार का पता (Correspondance Address)** - उम्मीदवार अपना पूरा पता पिन कोड सहित दर्ज करे।

(12) **मोबाईल नम्बर (Mobile No.)** - उम्मीदवार ऐसा मोबाईल नम्बर दर्ज करे, जो अगले छः माह तक सक्रिय रहे। भर्ती से संबंधित संक्षिप्त सूचना (SMS) इसी मोबाईल नम्बर पर दी जावेगी।

(13) **ई-मेल आईडी (E-Mail ID)** - उम्मीदवार ऐसा ई-मेल आईडी दर्ज करे जो अगले छः माह तक सक्रिय रहे। भर्ती से संबंधित सूचनाएँ दर्ज करायी गई ई-मेल आईडी पर भेजी जावेगी। ई-मेल आईडी (E-Mail ID) दर्ज करना वैकल्पिक है।

(14) **घोषणा (Declaration)** - चेक बाक्स में क्लिक करें ।

(15) **सिक्यूरिटी कोड (Captcha Code) -** सिक्यूरिटी कोड को दर्शाए गए बाक्स में उसी प्रकार अंकित करें ।

(16) भरे गए ऑनलाईन आवेदन को देखने हेतु **प्रिव्यु (Preview)** बटन में क्लिक करें। **प्रिव्यु (Preview)** पेज बंद करने के लिए क्लोज **(Close)** बटन दबाए।

(17) **प्रिव्यु (Preview)** से संतुष्ट होने के बाद पुनः **सिक्यूरिटी कोड (Captcha Code)** को दर्शाए गए बाक्स में उसी प्रकार अंकित करें ।

(18) **Submit** बटन पर क्लिक करने से पहले कृपया आवेदन की प्रविष्टियों को भली भांति जांच ले तथा पूर्णतः संतुष्ट होने पर ही **Submit** बटन क्लिक करें, इसके पश्चात आवेदन में किसी भी प्रकार का सुधार संभव नहीं है।

(19) डॉक्यूमेंट अपलोड करने हेतु महत्वपूर्ण निर्देश को ध्यान से पढ़े।

(20) फोटो का चयन करे **(Attach Photo)** एवं हस्ताक्षर का चयन करें **(Attach Signature)** का पेज प्रदर्शित होगा। जिसमें उम्मीदवार को अपना नवीनतम पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (अधिकतम साइज 50 केबी) एवं हस्ताक्षर (अधिकतम साइज 20 केबी) **jpg/jpeg** फार्मेट मे अपलोड करना होगा।

(21) छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड में **लाईन** परिचारक (संविदा) के पद पर कार्यरत उम्मीदवार के लिये **फोटो** एवं **हस्ताक्षर** के साथ **'शिरोपरी विद्युत् अधिष्ठान'** की **अनुज्ञा (लाइसेंस) (Upload Overhead Electricity Work License) एवं अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करें (Upload Experience Certificate)** का पेज प्रदर्शित होगा। जिसमें उम्मीदवार को अनुज्ञा (लाइसेंस) एवं अनुभव प्रमाण पत्र (अधिकतम साइज 100-100 केबी) pdf फार्मेट मे अपलोड करना होगा।

(22) अपलोड करने के पश्चात अपलोड की पुष्टि करने के लिए कन्फर्म अपलोड (Confirm Upload) बटन में क्लिक करें।

(23) फोटो एवं हस्ताक्षर को सफलतापूर्वक अपलोड करने के पश्चात **उम्मीदवार** को निर्धारित आवेदन शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना होगा। भुगतान के पेज पर **सिक्यूरिटी कोड (Captcha Code)** को दर्शाए गए बाक्स में उसी प्रकार अंकित करें तथा **पे-नाउ (Pay Now)** बटन पर क्लिक करे।

(24) **Pay Now** में क्लिक करने के पश्चात आवेदन शुल्क के ऑनलाईन भुगतान हेतु **पेमेंट गेट-वे (Payment Gate-way)** प्रदर्शित होगा, जिस पर उम्मीदवार अपनी सुविधानुसार **गेट-वे (Gate-way)** का चयन कर आवेदन शुल्क का भुगतान **Make Payment** में क्लिक करके कर सकेगा।

(25) आवेदन शुल्क के सफलतापूर्वक भुगतान के पश्चात ही आपका आवेदन पंजीकृत होगा तथा आवेदन क्रमांक आबंटित होगा। **आवेदन क्रमांक (Application No.)** आवेदन शुल्क की रसीद में प्रदर्शित होगा जिसे **प्रिंट (Print)** किया जा सकता है।

(26) आवेदन शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करते समय किसी भी तकनीकी अथवा अन्य कारणों से यदि भुगतान असफल हो जाता है तो ऐसी स्थिति में आवेदक को पुनः शुरू से आवेदन भरना होगा तथा आवेदन शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करना होगा। असफल भुगतान की राशि संबंधित खाते में ट्रांजेक्शन दिवस **+** तीन दिवस (T+3 days) के अंदर वापस कर दी जाऐगी।

(27) भरे गए आवेदन, किए गए भुगतान तथा ई-एडमिट कार्ड को देखने अथवा प्रिंट करने हेतु उम्मीदवार को कंपनी की वेबसाइट में निर्धारित लिंक **अपने आवेदन से संबंधित जानकारी देखे/प्रिंट करे** पर क्लिक करना होगा, जहां उसे अपने आवेदन क्रमांक तथा जन्मतिथि के माध्यम से लॉगिन करना होगा।

####